

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने संभाला पदभार

**संवाददाता** देहरादून। नैनीताल–उधमसिंह नगर से बीजेपी सांसद अजय भट्ट ने पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यालय का कार्यभार संभालने के बाद नए मंत्री अजय भट्ट ने कहा है कि जो प्राथमिकताएं सरकार की हैं, वही उनकी भी हैं। अजय भट्ट ने ट्वीट कर पीएम मोदी का आभार जताया है। उन्होंने लिखा है कि "केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री के रूप में मुझे जिम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व का आभार।

### कांग्रेस के सीएम आवास कूच कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी भी प्रतिभाग करेंगे

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी देवेन्द्र यादव प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं सुरक्षा, कुम्भ के दौरान कोविड टेस्टिंग के नाम पर हुए घोटाले, किसानों की बदहाली तथा तीर्थ पुरोहितों की मांग को लेकर आयोजित प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री आवास कूच कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि देवन्द्र यादव 10 जुलाई को प्रातः 10 बजे जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा वहां से चलकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

### दीवार से टकराई बेकाबू स्कूटी, पांच लोग घायल

**संवाददाता** मसूरी। शहर के लंढौर गुरुद्वारा चौक के पास एक स्कूटी अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गयी। इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है। लालटिब्बा से लंढौर बाजार की ओर आती एक स्कूटी (संख्या यूके 07–7433) अचानक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में 5 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी (संख्या यूके 07–7433) पर सवार कुछ व्यक्ति लालटिब्बा से कैमल बैक रोड मसूरी अपने घर जा रहे थे।

### अमेजॅन इंडिया ने डिजिटल केंद्र शुरू करने की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। अमेजॅन इंडिया ने आज भारत में सूरत, गुजरात में अपना पहला डिजिटल केंद्र शुरू करने की घोषणा की। अमेजॅन डिजिटल केंद्र गुजरात के मुख्यमंत्री, विजय रूपानी ने अमित अग्रवाल, वरिष्ठ वीपी और कंट्री हेड, अमेजॅन इंडिया और मनीष तिवारी, वीपी, अमेजॅन इंडिया ने इससे पहले अमेजॅन डिजिटल केंद्र का उद्घाटन किया।

# परियोजना को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाए: सीएस

**बैठक**

■ सीएस ने की विश्व बैंक पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत विकास परियोजना फेज–2 की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधू की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय स्थित उनके सभागार में विश्व बैंक पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत विकास परियोजना फेज–2 (ग्राम्या) की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान परियोजना अन्तर्गत विभिन्न तकनीकी सहयोगी संस्थाओं के अनुबन्ध अवधि के विस्तारीकरण हेतु अनुमोदन दिया गया।

मुख्य सचिव डॉ. संधू ने कहा कि परियोजना के उद्देश्यों की पूर्ति अधिक से अधिक हो इस पर फोकस किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाए। कार्यों की गुणवत्ता हेतु लगातार मूल्यांकन एवं अनुश्रवण किया जाए। योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके यह सुनिश्चित किया जाए, साथ ही स्थानीय लोगों को इस क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। परियोजना की नीतियों एवं कार्यक्रमों के विषय में आमजन को जागरूक करते हुए, उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



परियोजना निदेशक श्रीमती नीना ग्रेवाल ने बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड राज्य के चयनित सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों में ग्रामीण समुदाय की सहभागिता से प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग तथा बारानी कृषि की उत्पादकता में वृद्धि करना है। परियोजना के अन्तर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन कार्य, वनीकरण, बांज क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरूत्पादन, ट्रेंच, चाल–खाल एवं डगआउट पौण्ड निर्माण का कार्य किया जाता है। इसमें समुद्र तल से 700 से 2700 मी0 तक की ऊँचाई के मध्य हिमालयन क्षेत्र के अन्तर्गत 82 सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों को चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि परिणाम सूचकों के सापेक्ष जल स्रोतों में वर्तमान में प्री–मानसून डिस्चार्ज में 12.3 प्रतिशत से 22.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जबकि बारानी कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में 33.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। परियोजना से सीधे लाभान्वित 40 हजार परिवारों के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 54,948 परिवार इस परियोजना से लाभान्वित हुए हैं, जिसमें 64 प्रतिशत महिलाएं हैं।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती सौजन्या एवं वी. षणमुगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायती प्रार्थना पत्रों की प्राप्ति न देने व कार्यवाही न होने पर नपेंगे थानाध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। अब उत्तराखंड के थाने में प्राप्त होने वाले हर शिकायती प्रार्थना पत्र की रिसिविंग देनी होगी। साथ ही उस पर कार्यवाही की सूचना भी शिकायतकर्ता को देनी होगी। उसमें लापरवाही करने पर सम्बन्धित हैल्प डैस्क कर्मचारी, जांचकर्ता अधिकारी या थानाध्यक्ष के विरुद्ध जनपदीय प्रभारी द्वारा कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी पुलिस मुख्यालय द्वारा सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन एडवोकेट को सम्बन्धित परिपत्र की प्रति उपलब्ध कराने से सामने आयी है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने पुलिस मुख्यालय के लोक सूचनाधिकारी से थानों में शिकायती पत्रों की प्राप्ति देने व कार्यवाही सम्बन्धी व्यवस्था के लिये दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी / अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने 26 मार्च 2021 के पत्र के साथ पुलिस महानिदेशक के परिपत्र डीजी परिपत्र सं0 01 / 2021 दिनांक 20–02–2021 की फोटो प्रति उपलब्ध करायी है।

# ग्राम्य विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**समीक्षा**

■ 16,472 लाभार्थियों को 80 करोड़ लागत की स्वीकृत पत्र देने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के ग्राम्य विकास विभाग मंत्री यतीश्वरानन्द ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। ग्राम्य विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शीघ्र 16,472 लाभार्थियों को 80 करोड़ लागत की स्वीकृत पत्र देने के निर्देश दिये। इस संदर्भ में उन्होंने आवासहीन लोगों की सूची बनाने के भी निर्देश दिये। इससे सम्बन्धित भूमि का प्रबन्ध जनपद के जिलाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।



बैठक में सीमान्त क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों को तेजी से चलाने के निर्देश दिये। भारत सरकार की सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगे जनपदों चमोली, चम्पावत, पिथौरागढ़ तथा ऊधमसिंह नगर के 09 विकासखण्डों जोशीमठ, लोहाघाट, खटीमा, मुनस्यारी, धारचुला, कनालीछीना तथा मूनाकोट में मूलभूत सुविधाओं का अवस्थापना विकास किया जायेगा। अवस्थापना विकास के अन्तर्गत सम्पर्क मार्ग, विद्युतीकरण, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा तथा खेल–कूद आदि कार्य किये जायेंगे। इस योजना पर वित्तीय वर्ष 2017–18 तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार द्वारा रूपये 12427.58 लाख की धनराशि स्वीकृत हुआ तथा जून 2021 तक रूपये 11011.67 लाख व्यय हुआ है। इस योजना में कुल 1250 कार्यों के सापेक्ष 548 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। इस योजना को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर शून्य से दस किमी0 तक लागू किया जायेगा। इस योजना के विस्तार के रूप में दस किमी0 से पचास किमी0 के बीच में मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रय योजना को लागू किया जायेगा। इस योजना को राज्य सरकार द्वारा संचालित किया जायेगा, जिसमें अभी तक 112 कार्यों के सापेक्ष अवमुक्त 18 करोड़ में से 14 करोड़ रूपये व्यय किया जा चुका है।

### सीएम ने शौर्य स्थल में पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चीड़बाग देहरादून स्थित शौर्य स्थल में पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे इन शहीद जवानों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। युवाओं को हमारे इन जवानों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैन्यधाम को उत्तराखंड का पांचवे धाम की संज्ञा दी है। उत्तराखंड के शहीद सैनिकों की स्मृतियों को संजोने के लिए देहरादून में भव्य सैन्यधाम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सितम्बर में पूरे प्रदेश में सैनिक सम्मान यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय भी मौजूद थे।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।